दिनांक 15-09-2017 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के संभाग तृतीय के सभागार में प्रबंधन विभाग के तत्वाधान में एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया I जिसका विषय था- "हाउ टू डू वेल इन एक्सटेम्पोर एंड पब्लिक स्पीकिंग I" महाविद्यालय प्राचार्य डॉo कृष्णकांत गुप्ता जी के मार्गदर्शन में इस व्याख्यान का आयोजन किया गया I प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉo शिल्पा गोयल ने सभागार में उपस्थित सभी अतिथियों और विद्यार्थियों का स्वागत किया I मुख्य वक्ता के रूप में श्री आकाश शर्मा (संस्थापक शिवम् इंटरप्राइजेस एन्ड ओपबॉक्स वेंचर प्राइवेट लिमिटेड) उपस्थित थे I उन्होंने विद्यार्थियों को साक्षात्कार का सामना करने के भिन्न-भिन्न तरीके बताये और साथ ही बिना तैयारी के सही ढंग से सार्वजनिक बोल-चाल का तरीका बताया I विद्यार्थियों ने इस सेमिनार को बड़े उत्साह एवं रूचि के साथ सुना I सेमिनार में प्रबंधन विभाग के सभी प्रवक्तागण तृप्ति, डॉली, डॉo आशिमा, वंदना और सोनिया उपस्थित थे I